भारत सरकार
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : †2161**
उत्तर देने की तारीख : 12.03.2025

**बहु-क्षेत्रीय विकास योजना**

**†2161. श्री इमरान मसूदः**

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार बहु-क्षेत्रीय विकास योजना (एमएसडीपी) के अंतर्गत अल्पसंख्यकों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति के उत्थान के लिए कुछ नई योजनाएं शुरू करने जा रही है;

(ख) एमएसडीपी के अंतर्गत जमीनी स्तर पर कौन-कौन सी योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं;

(ग) उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में एमएसडीपी के अंतर्गत कौन-कौन सी योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं या प्रक्रियाधीन हैं अथवा प्रस्तावित हैं;

(घ) विगत पांच वर्षों के दौरान एमएसडीपी योजना के अंतर्गत सहारनपुर लोक सभा क्षेत्र के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पक्के मकानों, सड़कों, पेयजल के क्षेत्र में और आय के साधनों में वृद्धि के लिए किए गए कार्यों और उन पर हुए व्यय का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या शुरू किए गए सभी कार्य समय-सीमा के अनुसार पूरे कर लिए गए हैं और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

<u>उत्तर</u>

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्री**
**(श्री किरेन रिजिजू)**

(क) मंत्रालय में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ख) से (ङ) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, देश भर में अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों (MCA) में शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला केंद्रित परियोजनाएं, पेयजल और आपूर्ति, स्वच्छता और खेल जैसे क्षेत्रों में सामुदायिक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए एक केंद्रीय प्रायोजित योजना, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (PMJVK) का कार्यान्वयन कर रहा है। इस योजना का उद्देश्य उस विशेष क्षेत्र के अल्पसंख्यक समुदायों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को उन्नत बनाना है।

पीएमजेवीके के अंतर्गत परियोजनाओं पर संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त अनुरोधों के आधार पर विचार किया जाता है और उन्हें मंजूरी दी जाती है। परियोजना प्रस्तावों को तैयार कर उन्हें मंत्रालय को प्रस्तुत करना; स्वीकृत परियोजनाओं का कार्यान्वयन और पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं का संचालन और देखरेख, संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासन की जिम्मेदारी है।

पिछले 5 वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में स्वीकृत परियोजनाओं की स्थिति निम्नानुसार है:-

| **परियोजनाओं का नाम** | **जिला का नाम** | **ब्लॉक** | **स्वीकृत इकाइयाँ** | **कुल स्वीकृत लागत (रु. लाख में)** | **स्वीकृत केन्द्रीय हिस्सा (रु. लाख में)** | **कुल जारी धनराशि (लाख रुपए में)** | **इकाईयों की संख्या जिन पर कार्य चल रहा है** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आईटीआई/ आईटीआई के लिए अतिरिक्त बुनियादी ढांचा | सहारनपुर | गंगोह | 1 | 1052.30 | 631.38 | 157.85 | 1 |
| | | नागल | 1 | 996.74 | 598.04 | 299.02 | 1 |
| कामकाजी महिला छात्रावास | | गंगोह | 1 | 285.50 | 171.30 | 85.65 | 1 |

*****